तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

12 विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रदर्शित किए 450 मॉडल



12 वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बच्चों ने दिखाई ...





# स्कूल में साइबर जागरूकता फेसबुक लाइव का हुआ सीधा प्रसारण

## अपराधों के प्रति जागरूक करने जिला पुलिस ने की खाकी वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाकी वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत देश के प्रसिद्ध एवं प्रबुद्ध नागरिकों को पुलिस प्लेटफार्म के माध्यम से जोड़ा जा रहा है तथा लाइव रहकर उनके द्वारा विभिन्न विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, बाल अपराध, महिला अपराध आदि विभिन्न अधिनियमों के संबंध में जानकारी भी लगातार दी जा रही है। इसी कड़ी में पंचम एपिसोड के तहत आज 7 नवम्बर को दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा लोगों को साइबर जागरूकता एवं होल्ड राशि वापसी के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया। इस दौरान बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग साइबर जागरूकता संबंधी लाइव खाकी वार्ता ▶▶ शेष पेज 11 पर







### ऑनलाइन कार्यक्रम की सराहना

जिले में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर के मध्य कुल 1055 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज की गई है। जिसमें से 470 प्रकरणों में कुल 88,11,060 ठगी की राशि होल्ड करने में सफलता मिली है। इनमें से भी 97 प्रकरण में कुल 20,09,772 उनके वास्तविक हकदार/मालिक को वापस दिलाई गई है एवं शेष प्रकरणों में होल्ड राशि वापसी के कार्रवाई अभी प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त जिले के सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, भाटापारा शहर, भाटापारा ग्रामीण, सुहेला एवं सिमगा थाने में साइबर अपराध से संबंधित इस वर्ष 20 से अधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है। लाइव कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल लवन, जवाहर नवोदय विद्यालय लवन सहित कई स्कूल एवं संस्थाओं के बच्चे एवं अन्य नागरिक सहित आनलाइन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए तथा संपूर्ण ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम की सराहना की गई।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन की हितग्राहियों की ई-केवायसी 20 तक

**बलौदाबाजार।** महतारी वंदन योजना के ऐसे हितग्राही जिनका आधार प्रमाणीकरण लंबित है, उनका ई-केवायसी सीएससी द्वारा ग्राम पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालय में 20 नवम्बर तक निःशुल्क किया जायेगा। ई-केवायसी से संबंधी जानकारी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, परियोजना कार्यालय, महिला बाल विकास विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 7 नवम्बर को ये स्वीकृतियां प्रदान की। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में मानकुंवर निषाद पति स्व. जीवनलाल निषाद, निवासी ग्राम पासीद, तहसील भाटापारा एवं परदेशी राम ध्रुव पिता बिसनाथ ध्रुव, निवासी ग्राम खैरा तहसील भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने के कारण उपचार के दौरान मृत्यु, शिवनाथ नदी के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** पदमपुर रोड जोगनीपाली में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसको श्याम कतवाल निवासी कसडोल थाना बलौदा ने बताया कि 5 नवंबर को उसका भाई संजय कतवाल पिता गांधी कतवाल (30 साल) का सामान खरीदने अपनी बाइक सीजी 06 जीजी 6623 से सरायपाली आया था। सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था, जब वह बलौदिया ट्रेक्टर्स शो रूम व साहू ट्राली रिपेयर वर्कशाप के बीच पदमपुर रोड जोगनीपाली के पास पहुंचा था, तभी अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर मार देने से उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पांच किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में सिंघोड़ा पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 75 हजार रुपए का पांच किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार सात नवंबर को सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले कलर के बिना नंबर बाइक से एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच53 ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। जहां उक्त वाहन चालक के आने पर उससे पूछताछ की गई।

### गांजा परिवहन मामले में युवक को सश्रम कारावास

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ख) के तहत ओडिशा के बलांगीर जिला अंतर्गत ग्राम सागुनभाड़ी निवासी 29 वर्षीय अभिमन्यु घीभेला पिता खानापुरी घीभेला को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

## वर्षगांठ : प्रधानमंत्री के संबोधन को टीवी के माध्यम से सुना

# जिला स्तर पर हुआ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार के सभाक्रक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम सम्बोधन के वंत प्रसारण को टीवी के माध्यम से देखा गया। इसके साथ ही जिला पंचायत, जनपद कार्यालय, नगरीय निकाय, पंचायत एवं समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान में भी राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर स्मरणोत्सव मनाया गया।

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर सालभर कार्यक्रम देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त एवं चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर तक चलेगा। अवधि में समस्त शासकीय कार्यालय, समस्त शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य संस्थानों पर वन्दे मातरम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।



### नगरपालिका में हुआ राष्ट्रगान वंदे मातरम का गायन

बलौदाबाजार। वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगरपालिका कार्यालय में सामूहिक राष्ट्रगान गाते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम सन्देश व राष्ट्रगान का लाईव प्रसारण का किया गया। राष्ट्रगान आयोजन पर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मां भारती को समर्पित राष्ट्रगान की महत्ता व रचयिता बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा लिखे गए पंक्तियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया राष्ट्रगान आयोजन पर नगरपालिका के पार्षदगण व नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने उक्त आयोजन बड़े स्क्रीन के माध्यम से 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रसारण की व्यवस्था की। कार्यक्रम के आयोजन में पार्षद व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# सोनाखान में सोने का भंडार टेस्टिंग खुदाई हुआ प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 2700 किलो सोने का मिला है विशाल भंडार, यह 608 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है

जिले में स्थित सोनाखान में 2700 किलो सोने का भंडार मिला है। छत्तीसगढ़ की पहली गोल्ड माइंस वेदांता लिमिटेड को मिली है। वेदांता कंपनी ने जमीन की टेस्टिंग खुदाई शुरू कर दी है, जिसके लिए ग्रुप के अधिकारियों ने बुधवार को भूमि पूजन किया। राज्य सरकार ने बाघमारा सोनाखान गोल्ड माइंस की ई-नीलामी पूरी कर ली है, जिसमें मेसर्स वेदांता लिमिटेड ने आईबीएम विक्रय मूल्य 74,712 रुपए प्रति ट्राय ऑन्ज का 12.55 प्रतिशत बोली लगाकर यह खदान अपने नाम की है। यह छत्तीसगढ़ की एकमात्र स्वर्ण खदान है, जिससे राज्य सरकार को रॉयल्टी से करोड़ों रुपये की आय होगी। बलौदाबाजार जिले के बाघमारा सोनाखान में स्थित यह खदान 608 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है, जहां लगभग 2700 किलो सोने का भंडार मौजूद है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार ऊपरी सतह पर ही लगभग 500 किलो (5 टन) सोना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण संगठन ने 1983 से 1991 के बीच यहां सर्वे कर सोने की मौजूदगी की पुष्टि की थी। बाद में 2015 में इसे कमर्शियल माइनिंग के योग्य घोषित किया गया। अब इसके शुरू होते ही सोनाखान देश की चौथी सक्रिय सोने की खदान बन जाएगी। विदित हो कि महान क्रांतिकारी और 1857 की आजारी की लड़ाई में बलिदान देने वाले अमर शहीद वीरनारायण सिंह की कर्मभूमि बलौदाबाजार जिले के सोनाखान अब अपने नाम के अनुरूप सोने की खान बन गया है।

# छात्रों ने जानी नई दिशा और हम होंगे कामयाब के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में कमलाकान्त शुक्ल इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी देवरी भाटापारा में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हेमंत वर्मा साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर रिस्क एक्सपर्ट द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला ▶▶ शेष पेज 11 पर

# गुरु घासीदास चेतना सम्मान से शशि सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष रजत जयंती महोत्सव के समापन पर उपराष्ट्रपति एवं राज्यपाल रेमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में राज्य अलंकरण से छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया। गुरु घासीदास चेतना सम्मान 2025 सम्मान से शशि सतनामी गायकवाड ग्राम छड़ियां पलारी जिला बलौदाबाजार को सम्मानित किया गया। शशि सतनामी जागृति के आंधी पंथी भजन के कलाकार है।

उन्होंने सतनाम भजन के माध्यम से गुरु घासीदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का पुनीत कार्य किया है। 25वर्ष की छत्तीसगढ़ में बलौदा बाजार के शशि सतनामी गायकवाड़ को पहली बार गुरु घासीदास चेतना सम्मान से सम्मानित किया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने इसे बलौदा बाजार जिला एवं सतनामी समाज के लिए गौरव बताते हुए शशि सतनामी बधाई दी। विदित हो कि शशि ने कम उम्र में गुरु घासीदास चेतना सम्मान राज्य अलंकरण से उपराष्ट्रपति एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किए जाने पर काफी अभिभूत हैं। इसके लिए उन्होंने उपराष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यपाल रेमन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, धर्म गुरु गुरु बालदास एवं गुरु परिवार के प्रति एवं बलौदाबाजार जिलावासियों को आभार प्रकट किया है।

## कलेक्टर ने राजस्व शिविर का किया अवलोकन

# जिले के किसानों को मिला स्वामित्व कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राजस्व सम्बन्धी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन 6 नवम्बर से किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को तहसील बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत झोंका में आयोजित राजस्व शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को राजस्व शिविर का लाभ उठाने प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीणों को स्वामित कार्ड का वितरण भी किया।

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में बी-1 का पठन, फौती-नामंतरण, बंटवारा, आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आदि मौके पर ही बनाएं। उन्होंने कोटवारों को शिविर की जानकारी के लिये मुनादी सभी गांव में करने कहा। इस दौरान सरपंच एवं ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने जर्जर आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण, तालाब की गहरीकरण के लिये स्वकृति हेतु प्रस्ताव तैयार करने कहा।

कलेक्टर ने पीडीएस भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता से बच्चों की उपस्थिति, पोषण चार्ट आदि की जानकारी ली।

बताया गया कि राजस्व शिविर कलस्टर झोका में 8 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए, जिसमें ग्राम खजुरी, लटुआ, ढाबाडीह, शुक्लाभाठा भरसेला एवं झोंका शामिल हैं। इस दौरान एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार निवेश कोरेटी सहित सरपंच, सचिव, पटवारी उपस्थित थे।

# थाना व चौकी प्रभारियों ने लिया डीएआर व आई-आरईडी फार्म भरने का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में ई-डीएआर और आई-आरईडी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना/चौकी में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं विवेचना अधिकारियों को सड़क दुर्घटना एवं विभिन्न अपराध विवेचना के दौरान डीएआर और आई-आरईडी में समस्त प्रविष्टियों की भली-भांति पूर्ति करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, मनोज मांडले डीआरएम बलौदाबाजार, अरविंद यादव डायरेक्टर, सारांश शिर्के एसआरएम, सत्यनारायण प्रधान डीईओ उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को डीएआर और आई-आरईडी के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ 25 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

# जिन सोसाइटियों में धान की शार्टेज, वहां प्रबंधक को खरीदी से रखें अलग, पंजीयक का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

.मूल्य पर खरीदे गए धान की मात्रा में सूखत की वजह से धान की मात्रा कम हुई है, उन सोसाइटियों के प्रबंधकों को इस साल की धान खरीदी से अलग रखने का आदेश सहकारिता पंजीयक कार्यालय ने जारी किया है। खास बात ये है कि यह आदेश सोसाइटियों को प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया है। खबर है कि प्राधिकृत अधिकारी इस आदेश के खिलाफ और सोसाइटी प्रबंधकों के पक्ष में हैं, लेकिन ये लोग खुलकर सामने नहीं आना चाहते।

### ये है मामला

राज्य में खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान राज्य की 2 हजार 739 सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। बाद में जब धान को मिलरों और संग्रहण केंद्रों के भेजा गया और धान का हिसाब मिलाया गया तो पता लगा कि गरमी के कारण धान सूख गया है और धान की मात्रा कम हो गई है। इस कमी के लिए सोसाइटियों को प्रबंधकों को जिम्मेदार माना जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

### प्राधिकृत अधिकारियों को आदेश

इस मामले को लेकर उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला रायपुर द्वारा सोसाइटियों को प्राधिकृत अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। रायपुर जिले में अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों को यह आदेश मिल है। अभनपुर क्षेत्र की बंजारी, पिपरौद, तोरला, सुंदरकेरा,चंपाझर, पोंड, जाम गांव, टीला, मानिकचौरी आदि सोसाइटियों के लिए जारी आदेश में वहां धान में सूखत का मात्रा का ब्योरा देते हुए कहा गया है कि इस साल की धान खरीदी के दौरान इन सोसाइटियों के प्रबंधकों( धान खरीदी



प्रभारी) को धान खरीदी कार्य से पृथक करते हुए अन्य कर्मचारी को जवाबदारी सौंपने का कार्यवाही करते हुए 7 दिवस के भीतर कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला रायपुर को अवगत कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### प्राधिकृत अधिकारी प्रबंधकों के पक्ष में

इस मामले में बताया जा रहा है कि रायपुर जिले में ही अधिकांश प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी प्रबंधकों के पक्ष में हैं, लेकिन वे खुलकर अपनी बात कहने से बच रहे हैं। एक प्राधिकृत अधिकारी न नाम न छापने की शर्त पर कहा है कि सूखत का मामला अभी हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जब तक न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है, तब तक कार्रवाई का अधिकार किसी को नहीं है। उल्लेखनीय है कि सोसाइटियों के चुनाव न होने के कारण शासन द्वारा अध्यक्ष के स्थान पर प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्त की गई है, इसमें अधिकांश लोग भाजपा समर्थक है।

### प्रबंधकों की ये है दलील

प्राधिकृत अधिकारियों को पंजीयक कार्यालय का आदेश मिलने के बाद प्रबंधकों ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर अपनी बात कही है। इनका कहना है कि धान उपार्जन कार्य के दौरान हमारी समिति में संग्रहित धान की मात्रा निर्धारित बफर सीमा से कई गुना अधिक हो गई, जिसका मुख्य कारण अधिकृत एजेंसियों द्वारा धान का समय पर उठाव न किया जाना रहा। हमारे द्वारा बार-बार निवेदन करने के बावजूद भी धान का उठाव समय पर नहीं हुआ, जिससे प्राकृतिक एवं अनियंत्रणीय कारणों जैसे सूखावट, चूहों एवं मौसम जनित परिस्थितियों के कारण धान की मात्रा एवं गुणवत्ता में हानि हुई। इसके बावजूद हमारे विरुद्ध बकाया वसूली की नोटिस जारी कर दी गई तथा दंडात्मक कार्रवाई एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की धमकी दी जा रही है।, जबकि धान का समय पर उठाव करवाना शासकीय एजेंसियों की जिम्मेदारी थी। उच्च न्यायालय के हवाले से कहा गया है कि धान के उठाव में विलंव एवं प्राकृतिक हानि को ध्यान में रखते हुए विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन किया जाए तथा त्रिपक्षीय समझौते एवं नीति के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाए।

## खबर संक्षेप



### निविदा में गड़बड़ी, कांग्रेस पार्षद नगरीय प्रशासन मंत्री से मिले

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात जोन द्वारा निर्माण कार्य व अन्य कार्यो के लिए निकाली जा रही निविदा में गड़बड़ी को लेकर शिकायत की है। उनका कहना है कांग्रेस एवं निर्दलीय पार्षदों के क्षेत्र में सभी ठेकेदारों को निर्धारित फार्म उपलब्ध कराया जाता है, तथा सभी नियम और प्रतिस्पर्धा का कड़ाई से पालन कराया जाता है। लेकिन दूसरी ओर भाजपा पार्षद के क्षेत्र में निविदा जारी की जाती है तो निविदा में भाग लेने ठेकेदारों को निगम के अधिकारियों द्वारा विभिन्न कारण बताकर निविदा फार्म लेने से मना किया जाता है। रेणु साहू ने आशंका जताई कि किसी खास ठेकेदार को उपकृत करने यह काम किया जाता है। इसलिए निविदा में पारदर्शिता का पूरी तरह से पालन किया जाए। निविदाओं के लिए सभी ठेकेदारों को निविदा फार्म उपलब्ध कराने की मांग उन्होने की है।

### राहुल बने सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री

**रायपुर।** सतनामी समाज ने छत्तीसगढ़ सतनामी जिला रायपुर शहर का सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ट की स्थापना के साथ जिला संगठन का गठन किया गया। जिला स्तर पर राहुल भारद्वाज को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। युवा प्रकोष्ट की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट कमल कुर्रे ने नियुक्ति की घोषणा की।



### सांसद खेल महोत्सव पर तैयारी बैठक

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन राजधानी में किया जाएगा। इसकी तैयारी के संबंध में गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में बैठक आयोजित की गई। नगर निगम खेल और युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू की अध्यक्षता और खेल महोत्सव आयोजन व्यवस्था प्रभारी अधिकारी श्री अतुल शुक्ला की उपस्थिति में हुई बैठक में जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, उपायुक्त मोनेश्वर शर्मा,कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, पीडी धृतलहरे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने बनाया नया नियम

# फूड प्रोसेसिंग यूनिट को मंडी शुल्क में मिलेगी पांच करोड़ तक की छूट, शर्त ये कि स्थानीय को देना होगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी इकाइयों को अब कृषि मंडी शुल्क में पांच करोड़ रुपए तक की छूट मिल सकती है, लेकिन शर्त ये है कि राज्य के मूल निवासियों को स्थायी नियोजन में अकुशल कर्मचारियों, श्रमिकों के मामलों में 100 प्रतिशत कुशल कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रशासकीय या प्रबंधकीय कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराए जाने पर ही अनुदान की पात्रता होगी।

खास खबर

### अब बनाया गया ये नियम

विद्यमान उद्योग में, जिन्होंने 1 नवम्बर, 2019 के पूर्व वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया हो, इनके विस्तार पर ये नियम लागू होगा। यानि ऐसे उद्योग, जिन्होंने 2019 को अथवा उसके पश्चात विद्यमान उद्योग में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिन तक प्लांट एवं मशीनरी में मान्य निवेशित राशि के न्यूनतम 25 प्रतिशत राशि का अतिरिक्त निवेश किया हो, जिससे उद्योग विभाग में पंजीकृत क्षमता वा औसत उत्पादन (जो अधिक हो) में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि होती हो एवं कुल रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती हो. इसके अतिरिक्त विस्तारित क्षमता के उत्पादन प्रारंभ करने की कालावधि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति के अनुसार हो। विस्तारीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व विद्यमान इकाई को सक्षम अधिकारी (जिसने इकाई को उत्पादन प्रमाण पत्र जारी किया हो) इस बाबत सूचना देकर विस्तार हेतु प्रस्तावित निवेश की निर्धारित मात्रा के लिए पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।



### ये है मामला

राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए राज्य की कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण( प्रोसेसिंग) उद्योग नीति 2012 के अंतर्गत मंडी शुल्क में छूट नियम 2014 में संशोधन किया है।

### इन्हें मिलेगी मंडी शुल्क से छूट

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति की कालावधि तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने वाले कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी में आने वाले (औद्योगिक नीति के अनुसार वर्णित अपात्र उद्योगों को छोड़कर) समस्त नवीन उद्योगों की स्थापना एवं विद्यमान उद्योगों के विस्तार या प्रतिस्थापन, शवलीकरण अंतर्गत स्थापित औद्योगिक इकाईयों को मण्डी शुल्क से छूट प्राप्त होगी।

### स्थानीय को रोजगार देने पर मिलेगा अनुदान

नए नियम में कहा गया है कि इकाई को छूट प्रमाण पत्र जारी दिनांक में न्यूनतम पांच वर्षों तक कार्यरत रखना होगा तथा उक्त अवधि में राज्य के मूल निवासियों को स्थायी नियोजन में अकुशल कर्मचारियों या श्रमिकों के मामलों में 100 प्रतिशत कुशल कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रशासकीय या प्रबंधकीय कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराए जाने पर ही अनुदान की पात्रता होगी।

### पांच करोड़ तक की मिलेगी छूट

नियम में कहा गया है कि मण्डी शुल्क से छूट की पात्रता इन्हें होगी। पात्र उद्योगों को प्रथम कच्चा मान कय अथवा प्रमाण पत्र जारी होने के दिनांक, जो भी पश्चातवर्ती हो, से 5 वर्ष तक के लिये कृषि उत्पादों पर लगने वाले मंडी शुल्क से पूर्ण छूट, अधिकतम राशि रु. 5 करोड़ प्रतिवर्ष की सीमा तक प्रदान की जायेगी, साथ ही छूट की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं, की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

### इन वर्गों को और अधिक छूट

राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, सेवानिवृत्त राज्य के अग्निवीर सैनिक एवं नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति या परिवार एवं निःशक्तजनों, अप्रवासी भारतीय, प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों (एफडीआई) निर्यातक उद्यमों तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाएं स्थापित उद्योगों के लिए छूट की अवधि 6 वर्ष तक होगी। कृषि उत्पादों पर लगने वाले मंडी शुल्क से पूर्ण छूट, अधिकतम राशि 5.50 करोड़ प्रतिवर्ष की सीमा तक प्रदान की जायेगी, साथ ही छूट की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

# उद्योगपतियों को सौंपने फिर 15 कोयला खदानों की नीलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अपने पूंजीपति मित्र को फायदा पहुंचाने मोदी सरकार ने निजी कमर्शियल यूज के लिए कोयला खदानों की खुली नीलामी के लिए सूचना जारी की है, जिसके तहत 29 नवंबर के बीच इलेक्ट्रिक ऑक्शन किया जायेगा। केंद्र सरकार देश में जिन 41 खदानों की नीलामी करने जा रही है, उनमें से 15 खदानें छत्तीसगढ़ की हैं।



- 15 कोल खदानों के लिए लाखों पेड़ घने क्षेत्रों के काटे जाएंगे

राज्य की यह 15 खदानें प्रदेश के घने वन क्षेत्रों की हैं तथा इन खदानों को शुरू करने के लिए वन क्षेत्रों के लाखों पेड़ काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा, रायगढ़ जिले में जो 4 कोल ब्लॉक नीलाम किए जा रहे हैं, वह लेमरू एलीफेंट रिजर्व का क्षेत्र है। रेलवे लाइन के नजदीक है। सूची में शामिल दो खदानें धरमजयगढ़ क्षेत्र की हैं, जो हाथी प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। यह सरकार लेमरू एलीफेंट रिजर्व के भीतर ही दो-दो माइंस डेवलप करना चाहती है, अभी भी इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधनों को लूटने की होड़ मच गई है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण से पहले ही हसदेव अरण्य के जंगल काटे गए, रायगढ़ जिले के तमनार में वन अधिकार अधिनियम के तहत आवंटित पट्टे की भूमि में हरे-भरे जंगल काट कर खदान अडानी को सौंप दिया गया। बीजापुर में कोरंडम खदान के लिए बिना पर्यावरण अनुमति के जंगल काट दिए गए। बैलाडीला में तीन खदान सहित कांकेर जिले में आयरन ओर की खदाने बेचें। अब सेंट्रल इंडिया का फेफड़ा कहलाने वाले हसदेव अरण्य और तमोर पिगला के कोरबा, रायगढ़ क्षेत्र में 15 नई कोयला खदानें निजी पूंजीपति को सौंपने जा रही है।

# एसआईआर में मृत, पलायन कर गए, डुप्लीकेट नामों को हटाने तथा पात्र नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदेश में शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। मृत, पलायन कर गए, डुप्लीकेट नामों को हटाने तथा पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान जिन व्यक्तियों की अर्हता संदिग्ध पाई जाएगी, उन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। उनका पक्ष सुनने के बाद अंतिम निर्णय ईआरओ द्वारा लिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और जानकारी संकलित करेंगे। सभी राजनीतिक दलों से आव्हान किया गया है कि अपने बूथ लेवल एजेंट की शीघ्र नियुक्त करें, ताकि वे बीएलओ के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक होने

### जिन व्यक्तियों की अर्हता संदिग्ध पाई जाएगी उन्हें दिया जाएगा नोटिस




वाली प्रक्रिया के दौरान गणना प्रपत्र लिए जाएंगे। जो पात्र नागरिक निर्धारित समयावधि में गणना प्रपत्र नहीं भर पाए हैं, वे दावा-आपत्ति अवधि में फार्म-6 एवं अतिरिक्त घोषणा-पत्र भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

**ईआरओ एडवांस में लेंगे आवेदन :** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 एवं 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता प्राप्त करने वाले मतदाताओं के आवेदन एडवांस में भी स्वीकार करेगा। इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन बीएलओ के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों की सूची निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा साप्ताहिक रूप से यह सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी को अपील की जा सकती है, तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को द्वितीय अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

**ये करेंगे सहयोग :** दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची राजनीतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एनएसएस, एनसीसी, आजीविका दीदी, किसान मित्र, सचिव, मितानिन एवं हेल्थवर्कर को वालेंटियर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जिला मुख्यालय में कन्ट्रोल रूम/हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जिसका संपर्क नंबर 1950 है। नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता हेतु इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने महापौर पार्षदों सहित फील्ड में उतरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

निगम के सफाई ठेकेदारों को सप्ताहभर पूर्व चेतावनी देने के बाद अब महापौर मीनल चौबे खुद वार्ड पार्षदों के साथ फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का धरातल पर जायजा लेंगी। गुरुवार को महापौर खमतराई स्थित जोन 1 कार्यालय पहुंचीं और जोन कमिश्नर सहित वार्ड पार्षदों से सफाई को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जोन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद वे शंकरनगर स्थित जोन 3 कार्यालय पहुंचकर वार्डो की सफाई के मुद्दे पर चर्चा की। महापौर मीनल चौबे ने कहा है शहर की सफाई उनकी प्राथमिकता है, सभी घरों से प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शत-प्रतिशत शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। महापौर ने सभी नियमित और ठेका सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी प्रतिदिन शहर का कचरा उठना चाहिए। इसके लिए आवश्यक कदम उठाने जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए। 0 अवैध निर्माण पर अभियान चलाकर कार्यवाही महापौर मीनल चौबे ने वार्डों में अवैध निर्माण पर रोक लगाने अभियान चलाकर नियम अनुसार कड़ी कार्यवाही करने और व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाने की हिदायत दी।

### जोन 1 और जोन 3 कार्यालय पहुंची पार्षदों से चर्चा कर लिए सुझाव



### ये रहे उपस्थित

जोन की बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, पार्षद डा. मनमोहन मनहरे, अंबिका साहू, परमिला साहू, सोहनलाल, राजेश कुमार देवांगन, कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, पुष्पा साहू, प्रदीप कुमार वर्मा, महेश ध्रुव के अलावा अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता जोन स्वास्थ अधिकारी और रामकी के स्थानीय प्रतिनिधि योगेश कुमार उपस्थित रहे।

# पच्चीस से तीस फिर से नितीश इस नारे के साथ बिहार में फिर से राजग सरकार



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भेजा गया है। इसी कड़ी में पटना के बांकीपुर विधानसभा प्रत्याशी व छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्रमें प्रमुख रूप से खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर, खैरागढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, रायपुर जिला महामंत्री अमित मैसरी, भाजयुमो के मनीष पाण्डेय, अनमोल झा, सिद्धांत शर्मा, प्रखर मिश्रा सहित अनेकों कार्यकर्ताओं को मंडलों की जिम्मेदारी दी गई है। बांकीपुर विधानसभा के चर्चित शहर के चिरेयाटांड मण्डल चांदमारी रोड, कुम्हारटोली, खास महल, करबिगहिया, विग्रहपुर शक्ति केंद्रों की प्रमुख जिम्मेदारी संजूनारायण सिंह ठाकुर व विक्रांत सिंह को दी गई है। जो मंडल के शक्ति केंद्रों व बूथों तक पहुंचकर पसीना बहा रहे हैं।

# खरीदी की तैयारी, किसानों के धान की पंजीयन प्रक्रिया ठप, भारी रोष



**रायपुर।** सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक शाखा के कर्मचारियों की संयुक्त हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारी, किसानों के धान पंजीयन और एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन जैसी प्रक्रियाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। तहसील कार्यालय में किसानों की त्रुटियों को अपडेट करने का काम भी नहीं हो रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि साय सरकार ने धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने की घोषणा जरूर की है, लेकिन जिस प्रकार से धान खरीदी करने वाले सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला सहकारी बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित समस्त कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे किसानों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गिरदावरी के बाद समितियों के कंप्यूटर पर अपडेट नहीं होगा, राजस्व में त्रुटि के बाद कई किसान, जिसका 2 साल के बाद से बंटवारा, खरीदी-बिक्री हुई है, उसका सुधार के बाद समितियों में अपडेट करने के लिए समितियों में कोई नहीं हैं, ताले लटक रहे हैं। श्री वर्मा ने मांग की है कि समितियों के कर्मचारियों एवं बैंक के कर्मचारियों की जायज मांग तत्काल पूरी करें।

# एफपीपीएएस शुल्क की डबल वसूली से राहत, पर सुरक्षा निधि का झटका

- अक्टूबर के बिल में बीते माह का सात फीसदी बचा शुल्क ही लिया जा रहा
- इस माह का 9 फीसदी एफपीपीएएस अगले माह वसूला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसको दो माह में बांटकर वसूल रही है, इससे थोड़ी राहत तो है, पर बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है।

अक्टूबर के बिल में डबल वसूली से राहत मिली है, क्योंकि इस माह सुरक्षा निधि की राशि भी उन उपभोक्ताओं से वसूली जा रही जिनकी औसत खपत में इजाफा हो गया है। ऐसे में अक्टूबर के लिए जो 9 फीसदी एफपीपीएएस तय हुआ है, उसकी नसूली अगले माह होगी। बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन अब सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया।



**सुरक्षा निधि की वसूली :** नवंबर में अक्टूबर माह का जो बिल आ रहा है, उसमें उन उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि की राशि वसूली जा रही है जिनकी औसत खपत बढ़ गई है। किसी भी उपभोक्ता की जितनी औसत खपत होती है, उसके दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जरूरी होती है। जिनकी खपत में इजाफा हो गया है, उनकी पुरानी सुरक्षा निधि में दो माह के बिल के बराबर जितनी राशि कम है, उस राशि की वसूली अक्टूबर के बिल में हो रही है। यही वजह है कि इस बार एफपीपीएएस की डबल वसूली नहीं की जा रही है।

### 9 फीसदी शुल्क अगले माह लिया जाएगा

जिस तरह से अक्टूबर में सितंबर के बिल में एफपीपीएएस शुल्क का डबल झटका लगा, वैसा ही अक्टूबर के बिल में भी नवंबर में डबल झटका लगने की संभावना थी, लेकिन नवंबर में जो अक्टूबर का बिल आ रहा है, उसमें एक ही पुराना एफपीपीएएस सात फीसदी शुल्क ही एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया जा रहा है। अक्टूबर के लिए 9 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क तय तो हुआ है, लेकिन इसको अभी नहीं लिया जा रहा है। इसकी वसूली अगले माह होगी।

## खबर संक्षेप

### मृत्यु के बाद मेडिकल कॉलेज को देहदान

**महासमुंद**। संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक ज्ञान से प्रेरित होकर भगत बिशाल दास ग्राम पथरी जिला गरियाबंद का मृत्यु उपरांत उसकी मृत शरीर को शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद को देहदान किया गया। जिसमें शासकीय मेडिकल कालेज के स्टाफ डॉ. रेणुका गहने, डॉ. अवंतिका ठाकुर, डॉ. कुंजबिहारी के अलावा अन्य स्टाफ और महासमुंद ब्लॉक सेवादार कौशल दास, कुबेर दास, जीतराम दास, शिव दास, अशोक दास, भुनेश्वर दास, डिगेश दास, मदन दास आदि मौजूद रहे।

### दिशा की बैठक 13 को

**महासमुंद**। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार 13 नवंबर 2025 को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद**। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष विपणन संघ कार्यालय महासमुंद तथा जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में संचालित होगा। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के रूप में सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नियुक्त किया गया है।

### समस्या का तुरंत समाधान करें: मोती

**पिथौरा (ग्रामीण)**। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने राज्य सरकार से सोसायटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समितियों के ऑपरेटर और प्रबंधक पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं, जिससे आगामी धान खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जांगड़े ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, लेकिन इसी बीच समिति संचालकों का हड़ताल पर चले जाना गंभीर चिंता का विषय है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**नर्रा**। कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को नर्रा सहित आसपास गांवों में श्रद्धालुओं ने तीन बजे से नदी तालाब घाटों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाकर स्नान किया। वही दीप दान कर कार्तिक भगवान की जयघोष के नारे लगाए। महिला व युवतियों ने उपवास रखकर नारियल, अगरबत्ती, फूल पान अर्पित किए।

## पेज 9 के शेष

### स्कूल में साइबर...

कार्यक्रम के सहभागी बने। जिले में जिनके साथ साइबर ठगी हुई और जिनकी राशि होल्ड करवा कर उन्हें वापस लौटाई गई ऐसे पीड़ितों को फेसबुक लाईव कार्यक्रम में बुलाया गया और उन्हें साइबर जागरूक नागरिक का सर्टिफिकेट पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदान किया गया। साइबर ठगी के पीड़ितों में राजेंद्र कुमार साहू, गंगाप्रसाद पटेल, ओमनी साहू, प्रकाश माली, लेखराम सिन्हा ने सायबर फ्राड के संबंध में अपनी आपबीती फेसबुक लाइव के माध्यम से साझा की तथा छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा फेसबुक लाइव कार्यक्रम में कहा गया कि आपकी सतर्कता एवं सावधानी ही साइबर ठगी से बचाव का रक्षा कवच है, इसलिए हमेशा अपडेट रहिए।

### छात्रों ने जाना...

स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी।

**समापन : शिवरीनारायण में अखंड नवधा रामायण का समापन**

# नवधा रामायण में लक्ष्मी मानस मंडली कोरबा प्रथम, 21 हजार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण का समापन हुआ। नौ दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई थी। उद्घाटन सत्र में संत गोपालदास महाराज एवं डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदर महाराज मुख्य अतिथि थे।

कार्यक्रम का आयोजन मंडी प्रांगण में किया गया था, जिसने अपनी 12वीं वर्षगांठ पूर्ण की। पूरे नगर में नौ दिनों तक राम नाम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान 100 से अधिक टीमों ने भक्ति संगीत और रामायण आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिनमें से 23 टीमों को फाइनल प्रतियोगिता के लिए चुना गया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान लक्ष्मी मानस मंडली कोरबा 21 हजार, द्वितीय स्थान ममता मानस मंडली कोरबा 15 हजार, तृतीय स्थान अनीता मानस मंडली वेद परसदा 11 हजार, चतुर्थ स्थान प्रिया मानस मंडली







करतला 7 हजार, पंचम स्थान दीपिका साहू मानस मंडली कोतमा म.प्र. 5 हजार, सभी विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 18 टीमों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 11 सौ दिए गए।

आयोजन समिति ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण पिछले पांच वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका था। कार्यक्रम की सफलता में राधेश्याम सोनी, प्रकाश बिल्लू बंसल, राजेंद्र यादव, विनय अग्रवाल, गंगाधर यादव, उमाशंकर यादव, डॉ. एमएल विश्वास सहित अनेक श्रद्धालुओं और समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में लगेगा विज्ञान मेला

■ उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि होंगे मंत्री टंकराम वर्मा

**भाटापारा**। वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, खमरिया में 10 से 12 नवम्बर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान मेला विक्रम साराभाई स्पेस एग्ज़ीबिशन का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला साइंस क्लब के सहयोग से होने जा रहा है।

इस वर्ष की थीम है परंपरा से प्रगति, जो भारत की वैज्ञानिक परंपरा को आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों से जोड़ते हुए प्रगति की नई राह दिखाएगी। आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने से क्षेत्र के साथ-साथ देशभर के छात्रों और वैज्ञानिक समुदाय को इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के 20 से अधिक वरिष्ठ वैज्ञानिक अपने प्रयोगात्मक उपकरणों और अत्याधुनिक मॉडलों के साथ शामिल होंगे, जिससे विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की गहराइयों को नज़दीक से समझने का अनूठा अवसर मिलेगा। 10 नवम्बर को होने वाले उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में टंकराम वर्मा, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार उपस्थित रहेंगे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिव रतन शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता तथा डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे रजिस्ट्रार एनआईटी रायपुर समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के दूसरे दिवस 11 नवम्बर की शाम 5 बजे विद्यार्थियों की कला, संस्कृति और नवाचार का अनूठा संगम संस्कार 3.0 शीर्षक के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाएगा। इस विशेष संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सोनी, जिला कलेक्टर, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पीके पांडेय, कुलपति, एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर की उपस्थिति रहेगी। इस भव्य आयोजन में बलौदाबाजार जिले के साथ-साथ राज्य एवं देश भर के लगभग 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जो अपने अभिनव प्रोजेक्ट्स और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, इस तीन दिवसीय महोत्सव में लगभग 10 हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की संभावना है। विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा एवं संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट के कुशल निर्देशन तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों के समर्पित सहयोग से इस कार्यक्रम की रूपरेखा को सुदृढ़ता प्रदान की जा रही है।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिले में 5360 नए गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (3.0) के अंतर्गत भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नए गैस कनेक्शन जारी किए जाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया हैं। इसी क्रम में महासमुंद जिले को कुल 5360 नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य के अनुरूप जिले की सभी गैस एजेंसियों को लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के सभी पात्र परिवारों से आवेदन पत्र आगामी सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लिए जाएं। आवेदन के साथ केवाईसी आवेदन पत्र, पहचान प्रमाण, निवास प्रमाण, राशन कार्ड की छायाप्रति, आवेदक एवं परिवार के वयस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण तथा अपवंचन घोषण/स्व-घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी आवेदक दो विभिन्न गैस एजेंसियों में आवेदन न करे, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े। गैस एजेंसियों में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं सत्यापन कर नए गैस कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने समस्त पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्राप्त कर उन्हें संबंधित ऑयल कंपनियों को प्रेषित करें।

# वार्ड 16 में नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 16 में शीतला मंदिर के पास सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर के साथ पार्षदों व नागरिकों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हम प्रतिबद्ध है।

सीसी रोड बनने से वार्डवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के दृढ़ संकल्प से शहर का सतत विकास हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख



रूप से पार्षदगण भाऊ राम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पूर्व पार्षद विष्णु चंद्राकर, गुलशन साहू, अजय साहू, प्रमोद साहू, जनक साहू, शत्रुघन यादव, भागवत ढीमर, आशीष धीवर व वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# आशीबाई स्कूल में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लिखे गए 150 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने अध्यक्षता की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, महेंद्र सिक्का, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि येतराम साहू ने कहा कि वंदे मातरम गीत ने उस समय देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने तथा देश सेवा के लिए तत्पर करने का काम किया था। संदीप दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम हमारा ना केवल राष्ट्रीय गीत है, बल्कि अखंड भारत का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि वंदे मातरम गीत मातृभूमि के प्रति प्रेम उत्पन्न करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि आज से 150 साल पहले 7 नवंबर 1876 को बं कि म चं द्र चट्टोपाध्याय ने इस गीत की रचना की थी, जिसे 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार गाकर सुनाया था। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, देवेंद्र कुमार शर्मा, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, दुर्गेश नंदिनी यदु, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, चंद्रशेखर मिथलेश सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



### छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**महासमुंद**। जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव के मुख्य मंच पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की छात्राओं ने शाला के सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के निर्देशन में लगातार दो दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पहले दिन छात्राओं ने पारंपरिक लोक नृत्य तथा समापन समारोह में छत्तीसगढ़ी गीतों के राजा कहे जाने वाले ददरिया गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसे अतिथियों तथा उपस्थित लोगों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। राज्योत्सव जैसे गरिमामयी मंच पर छात्राओं के शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत करने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, प्राचार्य जीआर सिन्हा, सदस्य गण अरूणा शुक्ला, नीलम दीवान, रितेश गोलछा, अनुज पांडेय, आनंद गिरि, हरवंश सिंह ढिल्लो, महेश मक्कड़, सुनीता देवांगन, सीता डोंडेकर आदि ने हर्ष जताया है।

### विकासखंड के सभी स्कूलों में वंदे गान महोत्सव मनाया

**महासमुंद**। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्षगांठ पर विकासखंड महासमुंद के सभी शालाओं में वंदे गान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पूरे छह अंतरों का सामूहिक गायन किया गया, जिससे विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और उत्साह के भाव से गुंजायमान हो उठा। इसी दिन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला परसकोल में विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को आज पूड़ी, खीर, आचार, सलाद, पापड़, केला, चावल, दाल, सब्जी और मिठाई का वितरण किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को बनाए रखने तथा समुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। लहरे ने अपने जन्मदिन को समाज के प्रति समर्पित करते हुए विद्यालय के बच्चों को पेन, कॉपी, पहाड़ा पुस्तिका तथा कलर सेट बॉक्स वितरित किए। उन्होंने कहा कि "विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण भोजन और शिक्षा, दोनों ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा नंदकिशोर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक इंदिरा प्रधान, सहायक शिक्षक मंजू पटेल, ग्राम की सरपंच प्रमिला ध्रुव, पंच दिलीप, विमला कोसरे, एमसी के अध्यक्ष सूरज धीवर, छात्राध्यापक आशीष सागर आदि मौजूद रहे।

दुर्गेश सोनवानी, बिंदिया दीवान, इंदुमती ध्रुव, भुनेश्वर साहू एवं सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समाज, शिक्षक व प्रबंधन समितियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से

## 182 धान उपार्जन केंद्रों के लिए 74 नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले की सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 15 नवंबर 2025 से किया जाएगा। शासन के मंशानुरूप धान खरीदी केंद्रों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के साथ-साथ उपार्जित धान के भुगतान के लिए आवश्यक राशि, बारदाने एवं परिवहन की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों के लिए जिला एवं अनुविभागीय स्तर के कुल 74 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी अपने-अपने आबंटित केंद्रों में शासन द्वारा निर्देशित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और तैयारी सुनिश्चित करेंगे। धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व नोडल अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही धान खरीदी अवधि के दौरान प्रति सप्ताह एक बार निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया का सही क्रियान्वयन, केंद्रों में धान स्टॉक तथा नए-पुराने बारदाने का सत्यापन करेंगे तथा संबंधित जानकारी निर्धारित पत्रक में जिला कार्यालय को भेजेंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में धान उपार्जन की स्थिति से अवगत कराना होगा। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारियों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

### मतदाता सूची कार्य और एसआईआर मॉनिटरिंग की निगरानी करने की अपील की

**महासमुंद**। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि देश में अगर



किसी पार्टी ने आम जनता के मताधिकार की रक्षा करने वाली है तो वह कांग्रेस पार्टी है। एसआईआर देशभर में वोटिंग में गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का अहम उपकरण है, कांग्रेस को देश की आम आदमी की लड़ाई हमेशा लड़ती आ रही है। रश्मि ने विधायक पूर्व विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व प्रत्याशियों सहित जिले के सभी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, आदिवासी कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस और सभी प्रकोष्ठ सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ता बूथ एजेंट से अपील करते हुए कहा कि सबको अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची कार्य और एसआईआर मॉनिटरिंग की निगरानी करते हुए सतर्क रहने कहा है।

# धान खरीदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भाजपा सरकार को सहकारिता विरोधी, कर्मचारी विरोधी और किसान विरोधी करार देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि सरकार की दुर्भावना और अकर्मण्यता के चलते छत्तीसगढ़ के 2739 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी को लेकर संशय की स्थिति है। समर्थन मूल्य पर खरीफ सीजन 2025-26 के उपार्जन शुरू होने में बमुश्किल एक हफ्ते का समय बचा है, लेकिन अब तक कोई तैयारी सरकार के स्तर पर नजर नहीं आ रही है, उल्टे छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी भी सरकार की उपेक्षा से व्यथित होकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे चुके हैं। उपार्जन केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी सहकारी समितियों के कर्मचारी के हड़ताल को अपना



समर्थन दे दिया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के किसान चिंतित हैं कि धान की खरीदी आखिर होगी कैसे? जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग को ठगा है पिछले साल भी इन कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था, सरकार से लिखित आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल समाप्त किया, लेकिन यह आदेश केवल कागज का टुकड़ा साबित हुआ, जमीन पर कोई कार्य कर्मचारियों के मांगों के संदर्भ में नहीं हुआ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रदर्शित किए 450 मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

## पीएम श्री विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

पीएम श्री विद्यालय में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर विज्ञान और कला के रंगों से सराबोर रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कुल 450 प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शित किए, जिनमें 215 विज्ञान तथा 235 आर्ट एंड क्राफ्ट मॉडल शामिल रहा। प्रदर्शनी में ऊर्जा, पर्यावरण, सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और सतत विकास जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। कक्षा 10वीं की निशा वर्मा ने ट्रेन एक्सीडेंट अलार्म, 11वीं की हेताल चंद्रसेन ने न्यूक्लियर पावर प्लांट और 10वीं के श्रेयांश वर्मा ने नॉइज पॉल्यूशन कन्वर्ट इंटू एनर्जी मॉडल बनाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। अन्य उल्लेखनीय प्रोजेक्ट्स में स्मार्ट विलेज, वर्षा जल संरक्षण, सौर ऊर्जा उपकरण और स्केलेटन सिस्टम शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य डीपी कोसले ने कहा कि प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रयोगात्मक सोच को प्रोत्साहित करती है। फिजिक्स शिक्षिका डींपल होतवानी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी बच्चों ने उत्कृष्ट नवाचार किया है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।





### आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना

जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाते हैं। विद्यालय के शिक्षक प्रज्वल मंडलेश्वर, राखी जसवानी, अर्चना शर्मा, स्नेहा शर्मा, राहुल यादव सहित अन्य शिक्षकों ने आयोजन में सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### जमुनैया नाले पर पुल निर्माण के लिए मिली 6.82 करोड़ की स्वीकृति



**भाटापारा।** शिवरतन शर्मा के प्रयासों से भाटापारा सुहेला मार्ग के जमुनैया (डिग्गी) नाला पर पुल निर्माण के लिए 6 करोड़ 82 लाख 77 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि बरसात के दिनों में जमुनैया नाला पार करना क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। अक्सर पानी बढ़ जाने से आवाजाही रुक जाती थी, जिससे स्कूल, कॉलेज आने जाने वाले बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल बनने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और ग्रामीणों को सुरक्षित व सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। जमुनैया नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं भाटापारा विधानसभा में शर्मा के मांग अनुरूप हो रहे लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बीएलओ घर-घर में कर रहे मतदाताओं का सत्यापन

**बिलाईगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर से शुरू हो गया है, जो आगामी 4 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। बरमकेला ब्लॉक के बूथ बुदबुदा के बीएलओ संतोष कुमार पटेल ने बताया कि सभी बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है और वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवा रहे हैं। इसके साथ ही नए एवं भावी मतदाताओं से फॉर्म-6 भरवाकर उनके नाम जोड़े जा रहे हैं। प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक की दो प्रतियां दी जा रही हैं एक मतदाता के पास और दूसरी बीएलओ के पास सुरक्षित रखी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, सटीक और त्रुटिरहित बनाना है।

## निधन

### मोजीराम साहू



**घोटिया।** ग्राम गोड़ा निवासी वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी मोजीराम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 नवम्बर शुक्रवार को गृहग्राम गोड़ा में हुआ, जिसमें स्वाजाती सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। वे सुमन साहू, हीरावन साहू, शिव कुमार साहू के पिता तथा केशव साहू के ससुर थे।

राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की 150वीं जयंती एवं स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बच्चों ने दिखाई देशभक्ति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विकासखंड तिल्दा-नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, लेखन व भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी देशभक्ति की भावनाओं को अभिव्यक्त किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से वंदे मातरमगान किया गया, जिसकी गूंज से वातावरण देश प्रेम से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बच्चों को वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व और इसके राष्ट्रजागरण में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, समर्पण और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती, और मानसी की उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया।



### कॉलेज में गूंजा वंदे मातरम

**खरोरा।** रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ जयंती एवं स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिग्विजय भाकरे प्रान्त कार्यालय प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच, चिराग यादव प्रशिक्षक स्वदेशी जागरण मंच-जिला रायपुर एवं सीताराम यादव सेवानिवृत्त अध्यापक संघ संचालक- तिल्दा खण्ड एवं प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे थे। प्राचार्य डॉ. चौबे ने भारत के राष्ट्र गीत वन्दे भारत के 150वीं जयंती उपलक्ष्य में राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम के अतिथि चिराग यादव ने स्वदेशी वस्तु की महत्ता बताते हुए भारत को विकसित देश बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। मुख्य वक्ता दिग्विजय भाकरे ने कहा कि हमारे देश को फिर से सोने की चिड़िया बनाना है तो हमें अपने विचार को बदलते हुए स्व रोजगार उद्यमिता एवं सहकारिता को प्रोत्साहन देना होगा। हमें नए स्टार्टअप प्रारंभ करने एवं स्वदेशी वस्तु को अधिक से अधिक उपयोग और विदेशी कंपनियों के वस्तुओं का बहिष्कार करने, अपने परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देते हुए भारत की स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तु की उपयोग, प्रचार प्रसार के लिए छात्रों को शपथ दिलायी गई। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आरके साहू, डॉ. वाल्मीकि साहू, रचना मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक हिमांशू ध्रुव एवं सहसंयोजक अंशु ध्रुव सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।



### धनसीर स्कूल में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ

**बिलाईगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनसीर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य टीआर सिदार ने की। वरिष्ठ व्याख्याता नरेन्द्र साहू ने वंदे मातरम के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा 1870 के दशक में रचित यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्र प्रेम का प्रतीक बना था। पहली बार यह गीत 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया था। वरिष्ठ व्याख्याता एनके साहू ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना 7 नवंबर 1950 को हुई थी। इस अवसर पर प्रतिवर्ष सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है, जो शांति, सौहार्द और अनुशासन का प्रतीक है। कार्यक्रम में छात्रों के बीच राष्ट्रीय गीत व स्काउट्स गाइड्स विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। सही उत्तर देने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार दिए गए तथा प्राचार्य सिदार द्वारा चयनित विद्यार्थियों को 100 की नगद राशि से सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय प्रांगण में वंदे मातरम का सामूहिक गायन एवं सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रामकुमार साहू ने किया तथा मंच सज्जा ममता आदित्य एवं कुन्ती जगत के मार्गदर्शन में स्काउट्स-गाइड्स छात्रों द्वारा की गई।

# सहकारी बैंकों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर ठप रहा काम काज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ का आंदोलन अब अपने तृतीय चरण में पहुंच गया है। इस क्रम में 6 नवंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरोरा शाखा के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। बैंक बंद होने के चलते बैंकिंग कार्य पूर्णतः ठप रहा। कर्मचारी संघ ने बताया कि वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन क्रमबद्ध रूप से जारी है। इस चरण में सभी कर्मचारी नोडल कार्यालय जिला मुख्यालय में सुबह 10.30 से 5.30 बजे तक अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किए। संघ ने कहा कि आंदोलन के लिए सहकारिता विभाग पंजीयन कार्यालय जिम्मेदार है, क्योंकि उन्होंने कर्मचारियों की जायज मांगों पर अड़ियल रवैया अपनाया हुआ है। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार से कई बार वेतन वृद्धि की मांग की परंतु मांग पूरी नहीं होने पर उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कर्मचारियों के पक्ष में एकल पीठ और युगल पीठ दोनों ने निर्णय दिया और स्पष्टीकरण याचिका में भी अदालत ने सरकार से जवाब तलब किया। अदालत की आदेश अनुसार कर्मचारियों को 5 वर्षों का एरिइस भुगतान किया जाना था, लेकिन अब तक आदेशों का पालन नहीं हुआ है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खरोरा के शाखा प्रबंधक भारत साहू ने कहा कि सहकारी बैंक कर्मचारियों की वेतन वृद्धि को रोकना अन्याय पूर्ण और अमानवीय है।



# हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा के ग्राम तरेगा स्थित बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण की गई।

ग्राम तरेगा गोगियापारा में लगभग 10 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास, सुगम आवागमन और जनसुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इन दोनों कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं ग्रामीण विकास और शिक्षा को सशक्त बना रही हैं। साइकिल योजना से जहां बालिकाओं में आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ेगी, वहीं सड़क निर्माण कार्य से जनजीवन में सुविधा और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जयसवाल, पार्षद मनीष मिश्रा, सोसाइटी अध्यक्ष सतीश सोनी राजेश साहू, सरपंच त्रिवेणी धनेश साहू पंच, टोपेश्वर साहू, मनोज भोई, राकेश रात्रे, संतोष चक्रधारी, राधे यदु, चोवा यदु, लेखराम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दाऊ कल्याण कॉलेज के छात्रों ने किया अर्थशाला का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





दाऊ कल्याण महाविद्यालय के वाणिज्य, कला एवं विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने नगर में स्थित भारत का पहला अर्थशाला फाइनेंस लैब का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग संचालन तथा निवेश विश्लेषण के व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना था। पं. चक्रपाणि स्कूल में स्थित लैब के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वित्तीय योजना एवं ट्रेडिंग से संबंधित आधुनिक तकनीकों और सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझा। इस भ्रमण का आयोजन वाणिज्य विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष नरेंद्र देव मिर्झा, मोहन लाल वर्मा, योगेंद्र कुमार कंवर, योगेश कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को पुस्तकिया ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान एवं खेल से ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में सहायक होते हैं।

## बरडीह में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

# भागवत में सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी/रावन



ग्राम बरडीह में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिवस कथावाचक पं. हरिकृष्ण महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की दिव्य कथाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति और भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम, निष्काम भक्ति और करुणा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान हमेशा अपने सच्चे और निर्धन भक्तों के साथ रहते हैं। जब सुदामा बिना किसी अपेक्षा के द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने उनके प्रेम से प्रसन्न होकर उन्हें धन-वैभव प्रदान किया। इस दौरान अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इसके पश्चात पं. हरिकृष्ण ने परीक्षित मोक्ष कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने शाप प्राप्त होने के बाद सात दिनों तक शुकदेव महाराज से भागवत कथा श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि मनुष्य को कर्म, वैराग्य और भक्ति के मार्ग पर चलकर ही जीवन के बंधनों से मुक्ति मिलती है। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। स्व. नरेश वर्मा के परिजनों ने कथावाचक महाराज का आभार व्यक्त किया। सात दिनों तक हजारों भक्तों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में महा भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।




